**दिनांक 17.01.2025 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट(DMFT) के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

---

उपस्थिति :– यथा पंजी अनुसार

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा एजेन्डा में शामिल योजनाओं से अवगत कराया गया तथा समिति द्वारा गहन समीक्षोपरांत निम्नांकित निर्णय लिया गया।

2. प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016–2017 से वर्ष 2024–2025 तक विभिन्न प्रक्षेत्र के कुल 1396 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है जिसमे से विभिन्न एजेंसियों के द्वारा 823 योजनाओ को पूर्ण करा लिया गया है शेष योजना का कार्य प्रगति पर हैं।

   सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि लंबित योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की कार्रवाई की जाय।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार/ डी0एम0एफ0टी0, पी0एम0यू0/संबंधित कार्यकारी एजेंसी, लातेहार)**

3. डी0एम0एफ0टी0 के नये दिशानिर्देश में प्रमुख संशोधनों के आलोक में खदानों की सीमा से 15 कि0मी0 को प्रत्यक्ष क्षेत्र एवं खदानों की सीमा से 25 कि0मी0 को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त है। जिसे बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। प्रखण्ड गारू के पंचायत बारेसाढ़ एवं धांगरटोला में भी आवश्यकता अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन कराने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। **(प्रभावित क्षेत्रों की सूची संलग्न)**

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

4. स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए जिन जिलों में वार्षिक संग्रह 10 करोड़ या उससे अधिक की राशि प्राप्त हो रही हो तो वार्षिक प्राप्तियों का अधिक से अधिक 10% की राशि स्थायी निधि के रूप में रखा जाना है। स्थायी निधि को सरकारी प्रतिभूतियों/बांड और अनुसूचित बैंकों की एफडी और राज्य सरकार द्वारा अनुमति प्राप्त अन्य संस्थाओं में निवेश किये जाने हेतु प्रस्ताव को बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

5. डी0एम0एफ0टी0 के नये दिशानिर्देश के आलोक में डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत खाता संचालन हेतु न्यास के नाम से बैंक खाता का संचालन के लिए सदस्य सचिव के साथ संयुक्त हस्ताक्षर करने के निमित पूर्व से प्राधिकृत जिला पंचायत राज पदाधिकारी, लातेहार को प्रबंधकीय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

6. डी0एम0एफ0टी0 मद अंतर्गत कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाईब्रेरी ऑडिटोरियम का निर्माण की कुल– 41 योजनाओं में से आवश्यकता के अनुरूप 14 योजनाओं का क्रियान्वयन एवं शेष 27 योजनाओं को विचारोपरान्त क्रियान्वयन एवं क्रियान्वित की जाने वाली 14 योजनाओं में से 10 योजनाओं का आवश्यकता अनुरूप (न्यास परिषद्/प्रबंधकीय समिति से पारित है) स्थल परिवर्तन कर कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाईब्रेरी ऑडिटोरियम का निर्माण किये जाने हेतु समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

7. डी0एम0एफ0टी0 मद अंतर्गत पुराने पुलिस लाईन, धर्मपुर में स्वीकृत स्वीमींग पुल परियोजना का स्थान बदलकर भुसूर, लातेहार में प्रस्तावित एकीकृत स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में करने एवं पुराने पुलिस लाईन, धर्मपुर में स्वीकृत दो छात्रावास (01 बालिका छात्रावास एवं 01 खेल छात्रावास) का स्थान बदलकर भुसूर, लातेहार में प्रस्तावित एकीकृत स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में करने हेतु समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

8. डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत कार्यरत एच0आर0 एजेंसी **(NANGIA AND CO LLP)** के साथ अनुबंध दो वर्ष पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप जिले के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग हेतु आवश्यकता अनुरूप डी0एम0एफ0टी0, पी0एम0यू0 का गठन हेतु प्रबंधकीय समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही अगले डी0एम0एफ0टी0, पी0एम0यू0 का गठन होने तक वर्तमान में कार्यरत विशेषज्ञों के द्वारा डी0एम0एफ0टी0 कार्यालय में किये जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

9. डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत सभी प्रक्षेत्रों को सम्मलित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु वार्षिक कार्य योजना (Annual action plan) एवं अगले पाँच वर्षो का Five

Years Perspective Plan बनाने हेतु प्रबंधकीय समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

10. डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 का Annual Report एवं Audit Report के संदर्भ में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। जिसे समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : डी0एम0एफ0टी0, पी0एम0यू0, लातेहार)**

11. कार्यालय, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला अन्तर्गत प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के ग्राम सभा से विभिन्न प्रक्षेत्र के योजनाओं का प्रस्ताव प्राप्त है, उक्त प्राप्त प्रस्ताव में जनउपयोगी एवं महत्वपूर्ण सभी योजनाओं के प्रस्ताव को समिति द्वारा गहन समीक्षोपरान्त सर्वसम्मति से क्रियान्वित कराने हेतु अनुमोदन किया गया। **(Annexure-A के रूप में संलग्न)**

समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त सभी प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान करने हेतु अगामी न्यास परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

12. लातेहार जिलान्तर्गत विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिलास्तरीय Monitoring App Development हेतु चर्चा उपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति दिये जाने का प्रबंधकीय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार**

13. दिनांक 04.10.2023 के प्रबंधकीय समिति एवं दिनांक 06.10.2023 के न्यास परिषद की बैठक में प्रस्तावित एवं स्वीकृत योजनाओं के प्रशासनिक स्वीकृति एवं क्रियान्वयन हेतु चर्चा की गयी। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 | प्रशासनिक स्वीकृति हेतु 01 करोड़ से अधिक की राशि वाली योजना की विवरणी | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | प्राथमिकता |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत पब्लिक लाईब्रेरी का निर्माण। | 4,99,99,950.00 | उच्च प्राथमिकता |

उपरोक्त उल्लेखित कुल 01 योजना की चर्चा उपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति दिये जाने हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

झारखण्ड गजट संख्या 626 दिनांक 09.10.2024 के कंडिका- 15 के (4) में निहित प्रावधान के अनुसार एक करोड़ से अधिक एवं पाँच करोड़ तक की प्रशासनिक स्वीकृति डी0एम0एफ0टी0 के प्रबंधकीय समिति द्वारा दिया जाना है। उपरोक्त

योजनाओं का क्रियान्वयन डी0एम0एफ0टी0 मद से कराने हेतु प्रबंधकीय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित एवं स्वीकृत किया गया है।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

20/01/25

प्रभारी पदाधिकारी,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।
20/01/25

20/1/25

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार।

20/1/25

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

20/1/25

उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य
सचिव, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

20/01/25

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार।

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

**ज्ञापांक**...64.../डी0एम0एफ0टी0, **दिनांक**...20.../...01.../2025

**प्रतिलिपि :–** प्रबंधकीय समिति डी0एम0एफ0टी0 के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।